## विस्फोट से पहले हमलावरों ने दी थी चेतावनी

जो विध्वंसकारी ताकतों ने हमारे सामने पेश की

के हवाले से बताया कि होटल में कल विस्फोट के चंद मिनट पहले एक गाडी होटल के मुख्य द्वार पर बने सुरक्षा बैरियर से टकरायी थी। गाडी में से तुरंत एक शख्स बाहर निकला और उसने वहां मौजूद सुरक्षाकर्मियों से कहा कि तुम

तब्दील हो गया। अमरीका का मानना है कि अलकायदा सरगना ओसामा बिन लादेन और उसके समर्थक कई लडाके इन सरहदी क्षेत्रों में पनाह लिए हुए हैं। हालांकि पाकिस्तान सरकार ने भी यहा स्वात घाटी और बाजौर में व्यापक आतंकवाद विरोधी अभियान चला रखा है।

---

## में अधिकारी ...वार्ता आज

नहीं मिल रहा है। भारत वर्ष 2005 से ही सीमा पार व्यापार को बढ़ावा देने पर जोर रहा है लेकिन तालमेल की कमी की वजह से अब तक मामला लटका हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि भारत ने मुजफ्फराबाद के व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल को श्रीनगर और जम्मू की यात्रा के लिए आमंत्रण दिया था लेकिन पाक की ओर से अभी तक सकारात्मक संकेत नहीं मिले हैं। गौरतलब है कि जुलाई में विदेश सचिव स्तर की वार्ता में दोनों देशों के बीच व्यापार बढ़ाने पर सहमति हुई थी। बैठक में कारगिल से उत्तरी क्षेत्र स्कारदु तक बस सेवा शुरू करने पर बातचीत हो सकती है।

**...र और ...राव... के ...पार को ...ा देना ...ीत को ...ंद्र होगा**

## नारे गढ़ने में जुटे राजनीतिक दल

**नई दिल्ली।**

देश की प्रमुख राजनीतिक पार्टियां आगामी लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को रिझाने के लिए अब लोकलुभावन नारे तैयार करने में जुट गई हैं। यह मुद्दा सत्तारूढ़ संप्रग और विपक्षी राजग दोनों के लिए ही महत्वपूर्ण है क्योंकि वे अपने नए सहयोगियों की तलाश कर रहे हैं। राजनीतिक रणनीतिकार दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की सत्ता पर काबिज होने के लिए मतदाताओं को रिझाने को नारे बनाने में जुट गए हैं। भाजपा के नेतृत्व वाले राजग के घटक शिवसेना के राज्यसभा सदस्य संजय राउत ने कहा कि हमारा नारा कुछ भी हो सकता है लेकिन यह इंडिया शाइनिंग जैसा नहीं होगा। वर्ष 2004 में राजग के फील गुड और इंडिया शाइनिंग नारे विफल रहने के बाद कांग्रेस आम आदमी के सहारे चुनावी वैतरणी से किसी तरह नैया पार लगा सकी। रणनीतिकारों का कहना है कि अभी जल्दी है। विपक्षी भाजपा के महासचिव अरुण जेटली ने कहा कि प्रमुख विपक्षी दल भारत बचाओ [सेव इंडिया] विषय को अपना रही है। उन्होंने कहा कि इसमें दो हिस्से होंगे पहला महंगाई के चलते आम आदमी की पीड़ाएं और दूसरा आतंकवाद से समाज को खतरा। भाजपा के प्रधानमंत्री पद के

**कांग्रेस, भाजपा से लेकर शिवसेना तक सभी लगे हैं वोटर को लुभाने वाली उक्ति गढ़ने में**

उम्मीदवार लालकृष्ण आडवाणी पहले ही अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं से हरहाल में चुनाव जीतने का आव्हान कर चुके हैं, जबकि संप्रग अध्यक्ष सोनिया गांधी भी अपने गठबंधन को एकजुट रखने की हरसंभव कोशिश कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि 1971 में इंदिरा गांधी ने गरीबी हटाओ का नारा दिया था जिसका जादू मतदाताओं पर सिर चढ़कर बोला जबकि उनके विरोधियों ने इंदिरा हटाओ का नारा दिया। कांग्रेस प्रवक्ता अभिषेक सिंघवी ने कहा कि कांग्रेस का नारा पार्टी के दर्शन पर आधारित होगा। यह इंडिया शाइनिंग की तरह चालाकी भरा नहीं होगा। मुख्य विपक्षी भाजपा का कहना है कि इस बार वह प्रभावी तरीके से लोगों तक पहुंचेगी। पार्टी नेता प्रकाश जावड़ेकर ने कहा कि उनका अभियान आतंकवाद, महंगाई और किसानों की तकलीफ जैसे मुद्दों पर आधारित होगा। राउत ने कहा कि शिवसेना का मराठी में स्लोगन कर्ज मुक्ति-देता कि जाता काफी हिट रहा है। राजद के विजय कृष्ण का मानना है कि आम आदमी के लिए यह पुराना स्लोगन इस बार लाभकारी नहीं होगा।

---

## ...जमीन नपेगी

...है। ...की जमीन का ...के बाद तैयार रिपोर्ट से लीज ...ल्लंघन किया जाएगा। यदि ...ल्लंघन पाया गया तो इस ...बंध में शासन से निर्देश लिए ...एंगे। ट्रस्ट ने सन 1990 और ...992 में 2.818 हेक्टेयर जमीन ...रीदी। 29.1.93 को ट्रस्ट का ...552 हेक्टेयर जमीन लीज पर ...ने का आवेदन। 24.3.95 और ...6.95 को जिला प्रशासन के ...र पर टीसीपी का स्पष्ट जवाब ...उक्तजमीन पर क्षेत्रीय उद्यान ...र 250 फीट चौड़ी सड़क ...लिहाजा जमीन लीज पर नहीं ...ट्रस्ट ने पत्र लिखकर कहा ...दुलकर वहां केवल खुले ...न के लिए उद्यान विकसित ...0.8.95 को तत्कालीन ...गी पत्रों के जवाब में कहा ...न विकसित करने के लिए जमीन दी जा सकती है। 27.3.97 को कलेक्टर का संभागायुक्त को पत्र जिसमें गाइडलाइन के अनुसार 17.39.850 रूपए लीज की गणना और टीसीपी की आपत्ति की जानकारी है। 8.10.97 को ग्राम पंचायत लिंबोदी की आपत्ति जिसमें उक्तजमीन पर गांव के गरीबों के लिए 27.5.96 को ही मकान बनाने का प्रस्ताव पारित कर दिया गया था। 1.1.98 को राजस्व विभाग के आदेश जारी जिसमें 1 रूपए के सिक्के के बदले ट्रस्ट को 30 साल के लिए जमीन लीज पर दे दी गई। 3.1.98 को मुख्यमंत्री के सचिव अमरसिंह ने कलेक्टर को पत्र लिखकर ट्रस्ट की सहायता करने को कहा। 1.6.98 को जिला प्रशासन ने ट्रस्ट के प्रतिनिधि आनंद हरियानी को जमीन का कब्जा दिया। 9.6.98 को ही शासन के फैसले से नाराज स्थानीय लोगों ने ट्रस्ट में तोड़फोड़ की जिसकी रिपोर्ट थाना भंवरकुआं में दर्ज।

## क्लब में आग लगने से 43 की मौत

**पेईचिंग, रायटर।**

दक्षिण चीन के गुआंग दांग प्रांत के एक क्लब में कल रात आग लग जाने से कम से कम 43 लोगों की मौत हो गयी और 51 घायल हो गए। सरकारी संवाद एजेंसी शिहुआ के अनुसार हांगकांग की सीमा से लगे शेनझेन के क्लब में आधी रात के समय आग लग जाने स कम से कम 43 लोगों की जल कर मौत हो गयी। इस घटना में 51 लोग घायल हुए है। आग पर काबू पा लिया गया है। घटना की विस्तृत जानकारी नहीं दी गयी है और आग के कारणों की जांच के आदेश दिये गए है।

**आग पर काबू पाया**


## सार्वजनिक सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, पर्यावरण भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोदी रोड, नई दिल्ली-110003 की ओर से जारी पत्र संख्या. 21-292/2007-I ए. I I । दिनांक 19 जुलाई 07 द्वारा सेक्टर-51, गुड़गांव-122001, हरियाणा में अस्पताल कॉम्प्लेक्स के निर्माण को पर्यावरण की दृष्टि से अनुमति प्रदान की गई है, जो एस.ओ. 1533, ईआईए अधिसूचना 2006 के अनुसार है। अनुमति की प्रति हरियाणा राज्य पर्यावरण नियंत्रण बोर्ड और पर्यावरण एवं वन मंत्रालय की वेबसाइट http://www.envfor.nic.in पर भी देखी जा सकती है।
यह सार्वजनिक सूचना उपरोक्त कथित परियोजना को प्रदान किए गए पर्यावरण अनुमति की शर्तों के पालन में जारी की जा रही है।

कमांडर जोस वर्गीस
अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
आर्टेमिस मेडिकेयर सर्विसेज (प्रा.) लिमिटेड
सेक्टर-51, गुड़गांव

दिनांक : 17 सितंबर 2008
स्थान: गुड़गांव


Scanned by CamScanner